रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** कोलॉइडी विलयन एक प्रकार का _________ होता है।

Ans A). विषमांगी मिश्रण B). शुद्ध पदार्थ C). समांगी मिश्रण D). वास्तविक विलयन

**Correct Answer: A**

**Q.2** एक प्राणिविज्ञानी, सिंह-पुच्छी मैकेक (Lion-tailed macaque) की आबादी में उनके वन आवास के विखंडन के कारण गिरावट की पहचान करता है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो सबसे संभावित पारिस्थितिक परिणाम क्या होगा?

Ans A). क्षेत्र की विशिष्ट स्थानिक प्रजातियों का ह्रास B). प्रवासी पक्षियों की संख्या में वृद्धि C). बाह्य आक्रामक प्रजातियों का प्रसार D). सामान्य व्यापक प्रजातियों का प्रवेश

**Correct Answer: A**

**Q.3** यदि किसी परिपथ में प्रतिरोध दोगुना हो जाता है और धारा नियत रहती है, तो उसी समयावधि में प्रतिरोधक में उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans A). यह चौगुनी हो जाती है B). यह दोगुनी हो जाती है C). यह आधी हो जाती है D). यह अपरिवर्तित रहती है

**Correct Answer: B**

**Q.4** एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 500 Hz है और यह 340 m/s की चाल से गमन करती है। इसकी तरंगदैर्ध्य कितनी है?

Ans A). इसकी तरंगदैर्ध्य 170 m है B). इसकी तरंगदैर्ध्य 1.47 m है C). इसकी तरंगदैर्ध्य 0.34 m है D). इसकी तरंगदैर्ध्य 0.68 m है

**Correct Answer: D**

**Q.5** तत्व X के एक परमाणु की द्रव्यमान संख्या 37 है और उसमें 20 न्यूट्रॉन हैं। X की परमाणु संख्या क्या है और यह किस तत्व को निरूपित करता है?

Ans A). 19, पोटैशियम B). 20, कैल्शियम C). 18, आर्गन D). 17, क्लोरीन

**Correct Answer: D**

**Q.6** जैव निम्नीकरणीय अपशिष्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans A). यह पर्यावरण में बना रहता है B). इसे जैविक प्रक्रियाओं द्वारा अपघटित किया जा सकता है C). इसमें मानव-निर्मित पदार्थ होते हैं D). इसका पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है

**Correct Answer: B**

**Q.7** निम्नलिखित दो कथनों, अभिकथन (A) और कारण (R) के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): ऑक्सीकरण अभिक्रियाओं में, पोटैशियम परमैंगनेट का रंग प्रारंभ में लुप्त हो जाता है।
कारण (R): पोटैशियम परमैंगनेट ऐल्कोहॉल के साथ अभिक्रिया करके अपचयित हो जाता है, जिससे रंगहीनता आ जाती है।

Ans A). A असत्य है, लेकिन R सत्य है। B). A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या नहीं है। C). A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है। D). A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

**Correct Answer: C**

**Q.8** A taxonomist is classifying a microscopic organism that is unicellular, has a true nucleus, and moves using cilia. Which kingdom is most appropriate for its classification?

Ans A). Protista B). Monera C). Plantae D). Fungi

Correct Answer: A

**Q.9** 6 kg के एक पिंड पर एक बल लगाया जाता है जो उसे 3 sec में विराम से 18 m/s के वेग तक ले आता है। बल का मान कितना है?

Ans A). 12 N B). 54 N C). 18 N D). 36 N

Correct Answer: D

**Q.10** जंतुओं में वायुजीवी श्वसन के दौरान मुक्त होने वाली ऊर्जा की मात्रा, आवायुजीवी श्वसन के दौरान मुक्त होने वाली ऊर्जा की मात्रा _____ होती है।

Ans A). से मंद B). के बराबर C). से कम D). से अधिक

Correct Answer: D

**Q.11** इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की थी?

Ans A). नील्स बोर (Neils Bohr) B). जे. जे. थॉमसन (J. J. Thomson) C). डाल्टन (Dalton) D). रदरफोर्ड (Rutherford)

Correct Answer: B

**Q.12** 12.5 kg द्रव्यमान की एक वस्तु को 8 m की ऊंचाई तक उठाया जाता है। ($g = 10\ m/s^2$ लीजिए।) इसकी स्थितिज ऊर्जा _______ है।

Ans A). 100 J B). 800 J C). 1000 J D). 1250 J

Correct Answer: C

**Q.13** वस्तु A (3 kg), 4 m/s की चाल से गतिमान है, और वस्तु B (6 kg), 2 m/s की चाल से गतिमान है। किस वस्तु की गतिज ऊर्जा अधिक है?

Ans A). दोनों में समान गतिज ऊर्जा होती है। B). वस्तु B C). निर्धारित नहीं किया जा सकता है D). वस्तु A

Correct Answer: D

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से इसकी व्याख्या करता है कि जब किसी बड़ी, सपाट दीवार के निकट ध्वनि उत्पन्न होती है तो प्रतिध्वनि क्यों सुनाई देती है?

Ans A). क्योंकि ध्वनि दीवार द्वारा अवशोषित की जाती है और फिर धीरे-धीरे उत्सर्जित की जाती है

B). क्योंकि ध्वनि तरंगें दीवार से सीधे गुजरती हैं और दूसरी ओर पुनः प्रकट होती हैं

C). क्योंकि ध्वनि तरंगें दीवार से परावर्तित होती हैं और थोड़े विलंब के बाद श्रोता तक वापस आती हैं

D). क्योंकि दीवार कंपन करती है और मूल ध्वनि के समान नई ध्वनि उत्पन्न करती है

Correct Answer: C

**Q.15** साबुन का घोल मेघमय (cloudy) क्यों दिखाई देता है?

Ans A). क्योंकि हाइड्रोकार्बन, जल में घुलनशील होते हैं B). क्योंकि साबुन के मिसेल इतने बड़े होते हैं कि वे प्रकाश का प्रकीर्णन कर सकते हैं

C). क्योंकि धूल, जल में निलंबित रहती है D). क्योंकि साबुन के अणु पूरी तरह से घुल जाते हैं

Correct Answer: B

**Q.16** अर्धसूत्री विभाजन द्वारा उत्पादित शुक्राणु और अंड जैसी जनन कोशिकाओं को __________ के रूप में जाना जाता है।

Ans A). अंतरंगक B). ऊतक C). युग्मक D). अंगक

Correct Answer: C

**Q.17** जब जस्ता, तनु HCl के साथ अभिक्रिया करता है, तो इस अभिक्रिया को _______ रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

Ans A). विस्थापन अभिक्रिया B). द्वि-अपघटन अभिक्रिया C). उदासीनीकरण अभिक्रिया D). संयोजन अभिक्रिया

Correct Answer: A

**Q.18** एक परिवार अपने घर में विद्युत जनित अग्नि के जोखिम को न्यूनतम करना चाहता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, विद्युत से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से अभ्यास सर्वाधिक प्रभावी हैं?

Ans A). सभी कमरों में केवल अल्प-पावर वाले विद्युत उपकरणों का उपयोग करना B). घर के सभी उपकरणों के लिए विस्तार कॉर्ड्स पर निर्भर रहना

C). प्रत्येक कमरे में पावर आउटलेट्स की संख्या में वृद्धि करना D). परिपथ विच्छेदकों का उपयोग करना और वायरिंग में दोषों की नियमित जांच करना

Correct Answer: D

**Q.19** सादृश्य को पूरा कीजिए।
समसूत्रण : 2 संतति कोशिकाएं :: अर्धसूत्रण : ________

Ans A). 1 संतति कोशिका B). 4 संतति कोशिकाएं C). 8 संतति कोशिकाएं D). 3 संतति कोशिकाएं

Correct Answer: B

**Q.20** **जब प्लास्टर ऑफ पेरिस ($CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$) को जल के साथ मिलाया जाता है, तो यह कठोर हो जाता है। इस कठोरण के लिए कौन-सा प्रक्रम उत्तरदायी है?**

Ans A). कैल्शियम आयनों का ऑक्सीकरण B). अम्ल और क्षारक के बीच उदासीनीकरण C). जिप्सम निर्माण के लिए पुनर्जलयोजन D). कैल्शियम सल्फेट का निर्जलीकरण

**Correct Answer: C**

**Q.21** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, निम्न तारत्व ध्वनि और उच्च तारत्व ध्वनि के बीच अंतर को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?**

Ans A). निम्न तारत्व ध्वनि और उच्च तारत्व ध्वनि की आवृत्ति समान होती है। B). निम्न तारत्व ध्वनि की आवृत्ति, उच्च तारत्व ध्वनि की तुलना में कम होती है। C). निम्न तारत्व ध्वनि, उच्च तारत्व ध्वनि की तुलना में सदैव प्रबल होती है। D). निम्न तारत्व ध्वनि की आवृत्ति, उच्च तारत्व ध्वनि की तुलना में अधिक होती है।

**Correct Answer: B**

**Q.22** **निम्नलिखित में से किस पर्यावरणीय उद्दीपन के कारण जड़ें स्वयं से दूर बढ़ती हैं?**

Ans A). गुरुत्व (Gravity) B). जल (Water) C). प्रकाश (Light) D). वायु (Air)

**Correct Answer: C**

**Q.23** **कौन-सी स्थिति तैलीय खाद्य पदार्थों में विकृतगंधिता को धीमा कर देगी?**

Ans A). नाइट्रोजन से भरे हुए वायुरोधी पात्रों में भंडारण B). सूर्य के प्रकाश में रखना C). आद्रता की उपस्थिति D). उच्च तापमान पर भंडारण

**Correct Answer: A**

**Q.24** **किसी वस्तु की विराम अवस्था या एकसमान गति को बनाए रखने की उसकी प्रवृत्ति के संबंध में न्यूटन द्वारा प्रतिपादित गति के प्रथम नियम को कौन-सा परिदृश्य सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?**

Ans A). पहाड़ी से नीचे लुढ़कती हुई गेंद त्वरित होती है B). ड्राइवर द्वारा एक्सीलरेटर दबाते ही कार की स्पीड बढ़ जाना C). किसी मेज पर रखी कोई पुस्तक तब तक स्थिर रहती है जब तक कोई उसे धक्का न दे D). वायु में किसी पेड़ का हिलना

**Correct Answer: C**

**Q.25** **तंबाकू का सेवन मुख्य रूप से किस अंग तंत्र को सबसे पहले प्रभावित करता है?**

Ans A). वृक्क और मूत्राशय सहित उत्सर्जन तंत्र B). अस्थियों और संधियों सहित कंकाल तंत्र C). फेफड़ों और श्वसन मार्ग सहित श्वसन तंत्र D). आमाशय और आंत्र सहित पाचन तंत्र

**Correct Answer: C**

**Q.26** **एक आयताकार पार्क की भुजाओं को मापते समय, यदि एक भुजा को 6% अधिक और दूसरी भुजा को 5% कम मापा जाता है, तो क्षेत्रफल की गणना में कितने प्रतिशत की त्रुटि होगी?**

Ans A). कोई परिवर्तन नहीं B). 0.2% की वृद्धि C). 0.7% की वृद्धि D). 0.7% की कमी

**Correct Answer: C**

**Q.27** **एक पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का माध्य 31 वर्ष है। 20 वर्ष बाद, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी होगी। पुत्र और पिता की वर्तमान आयु का अनुपात कितना है?**

Ans A). 3 : 7 B). 7 : 24 C). 5 : 21 D). 2 : 5

**Correct Answer: B**

**Q.28** **एक रोड रोलर किसी सड़क को समतल करने के लिए 955 पूर्ण चक्कर लगाता है। यदि रोलर का व्यास 56 cm और लंबाई 0.8 m है, तो तय की गई सड़क का कुल क्षेत्रफल कितना है?**
**( $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)**

Ans A). 1230.28 $m^2$ B). 1344.64 $m^2$ C). 1420.35 $m^2$ D). 1117.56 $m^2$

**Correct Answer: B**

**Q.29** **एक निश्चित धनराशि, नियत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर, 20 वर्षों के अंत में ₹752 और 21 वर्षों के अंत में ₹7,896 हो जाती है। चक्रवृद्धि ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 8.5% B). 9.5% C). 950% D). 850%

**Correct Answer: C**

**Q.30** **अशोक 2 दिनों में लकड़ी की एक कुर्सी बना सकता है और रॉबिन उसी कुर्सी को 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे मिलकर कार्य करते हैं, तो वे उसी प्रकार की 120 कुर्सियों को कितने दिनों में बना लेंगे?**

Ans A). 160 B). 162 C). 164 D). 156

**Correct Answer: A**

**Q.31** **तीन व्यावसायिक साझेदार, A, B और C, एक निश्चित वर्ष के लिए अपने कुल लाभ को 3 : 4 : 5 के अनुपात में बांटने के लिए सहमत होते हैं। यदि B का हिस्सा ₹24,000 था, तो उस वर्ष के लिए व्यावसायिक साझेदारों का कुल लाभ कितना था?**

Ans A). ₹76,000 B). ₹64,000 C). ₹72,000 D). ₹56,000

**Correct Answer: C**

**Q.32** रेनू ने ₹14,500 में एक पुराना स्कूटर खरीदा और उसकी मरम्मत पर ₹3,500 खर्च किए। फिर उसने उसे ₹3,500 के लाभ पर रोहित को बेच दिया। रोहित ने स्कूटर को ₹1,200 में पेंट करवाया और मुकेश को 10% लाभ पर बेच दिया। मुकेश ने स्कूटर के लिए कितनी राशि का भुगतान किया?

**Ans** A). ₹25,240 B). ₹24,530 C). ₹23,840 D). ₹24,970

**Correct Answer: D**

---

**Q.33** एक स्कूल में दो सेक्शन A और B हैं, जिनमें क्रमशः 30 और 40 विद्यार्थी हैं। सेक्शन A के गणित की परीक्षा में औसत अंक 75 हैं, जबकि सेक्शन B के औसत अंक 80 है। पूरी कक्षा के औसत अंक (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 78.53 B). 79.57 C). 77.86 D). 76.54

**Correct Answer: C**

---

**Q.34** संख्या 469A1423 को 3 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

**Ans** A). 6 B). 1 C). 5 D). 4

**Correct Answer: B**

---

**Q.35** एक कक्षा में 60 विद्यार्थी हैं, और लड़कों और लड़कियों का अनुपात 2:3 है। यदि कक्षा में 2 लड़के और 3 लड़कियां सम्मिलित की जाती हैं, तो लड़कों और लड़कियों का नया अनुपात कितना है?

**Ans** A). 3:4 B). 2:3 C). 3:2 D). 4:3

**Correct Answer: B**

---


**Q.36** एक ट्रेन, स्टेशन के प्लेटफार्म को 70 सेकंड में पार करती है और प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को 40 सेकंड में पार करती है। यदि ट्रेन की चाल 90 km/hr है, तो प्लेटफार्म की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 760 m B). 780 m C). 720 m D). 750 m

**Correct Answer: D**

---

**Q.37** नीचे दिया गया मल्टीपल बार ग्राफ पांच वर्षों में एक कॉलेज में तीन अलग-अलग पाठ्यक्रमों (विज्ञान, वाणिज्य और कला) में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या को दर्शाता है।




*संदर्भ:*
*Number of Students Enrolled in three Different Courses-तीन अलग-अलग पाठ्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या*
*Science-विज्ञान, Commerce-वाणिज्य, Arts-कला*

दिए गए पांच वर्षों में नामांकित वाणिज्य के विद्यार्थियों की औसत संख्या कितनी थी?

**Ans** A). 246 B). 242 C). 244 D). 240

**Correct Answer: D**

---

**Q.38** चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 90% और 41% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 19% और 65% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 24% और 13% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 78%, 73% और 12% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

**Ans** A). II B). IV C). III D). I

**Correct Answer: B**

---

**Q.39** यदि $\tan A + \cot A = 2$ है, तो $\tan^{\frac{3}{4}} A + \cot^{\frac{5}{9}} A$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2 B). −1 C). 0 D). 1

**Correct Answer: A**

Q.40 यदि $\frac{1 + \cos\theta}{1 - \cos\theta} = \frac{m^2}{n^2}$ है, तो $\left[\frac{m^2 + n^2}{mn}\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\csc\theta + \cot\theta$ B). $2\csc\theta$ C). $(\sec\theta + \tan\theta)^2$ D). $2 + \cos\theta$

Correct Answer: B

Q.41 एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 8 : 5 : 3 है और इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1422 $cm^2$ है। घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3240 $cm^3$ B). 3520 $cm^3$ C). 3780 $cm^3$ D). 3860 $cm^3$

Correct Answer: A

Q.42 ₹1,500 की धनराशि पर 3% मासिक ब्याज दर से 5 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 38.75 B). 225 C). 37.5 D). 18.75

Correct Answer: B

Q.43 आंकड़ों के एक समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 65 और 79.7 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans A). 69.9 B). 71.1 C). 69.8 D). 71.7

Correct Answer: A

Q.44 किसी आण्विक यौगिक में परमाणु A और B हैं, जहाँ उनके प्रति अणु गुणन क्रमशः आरंभ से 5वीं और 7वीं अभाज्य संख्याएं हैं। इस यौगिक में 10 समरूप अणु हैं। एक अभिक्रिया के बाद, प्रति अणु B परमाणुओं की संख्या दोगुनी हो जाती है, और C परमाणु (जो आरंभ से तीसरी अभाज्य संख्या के बराबर है) जुड़ जाते हैं। अभिक्रिया के बाद सभी 10 अणुओं में A, B और C परमाणुओं की कुल संख्या कितनी होगी?

Ans A). 330 B). 500 C). 550 D). 690

Correct Answer: B

Q.45 △ABC के कोण A और कोण B के आंतरिक कोणीय समद्विभाजक O पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि ∠AOB = 94° है, तो ∠ACB ज्ञात कीजिए।

Ans A). $8^{\circ}$ B). $24^{\circ}$ C). $16^{\circ}$ D). $22^{\circ}$

Correct Answer: A

Q.46 नेहा के कमरों में से एक कमरे को पेंट करवाने का लागत ₹5000 है। अगले वर्ष, यह लागत बढ़कर ₹5500 हो जाती है। प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10% की वृद्धि B). 5% की वृद्धि C). 7.5% की वृद्धि D). 0.1% की वृद्धि

Correct Answer: A

Q.47 ₹64,000 की राशि 10% वार्षिक ब्याज दर पर (जहां ब्याज अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है), कितने वर्षों में ₹74,088 हो जाएगी?

Ans A). $1\frac{1}{2}$ B). $1\frac{1}{4}$ C). $2\frac{1}{2}$ D). $2\frac{1}{4}$

Correct Answer: A

Q.48 दो व्यक्ति, A और B, 325 km लंबी सड़क के विपरीत छोरों से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। A की चाल 70 km/h है और B की चाल 50 km/h है। यदि A, B के 30 मिनट बाद चलना शुरू करता है, तो B के चलने के कितने समय बाद वे मिलेंगे?

Ans A). 6 h B). 3 h C). 4 h D). 5 h

Correct Answer: B

Q.49 16 - 5 × 3 + 18 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 21 B). 19 C). 18 D). 17

Correct Answer: B

Q.50 नीचे 25 विद्यार्थियों का वजन दिया गया है। आँकड़ों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

| भार | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 8 | 6 | 4 | 4 | 3 |

Ans A). 66.52 B). 56.84 C). 67.43 D). 64.32

Correct Answer: A

**Q.51** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी उद्यान, वन हैं।
कोई वन, झील नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई उद्यान, झील नहीं है।
(II) सभी झीलें, वन हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

**Correct Answer: C**

---

**Q.52** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 366 का संबंध 731 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 413 का संबंध 825 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 287 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 445 B). 630 C). 573 D). 751

**Correct Answer: C**

---

**Q.53** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 1 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
4 – 64 – 74 – 84;
3 – 27 – 37 – 47

**Ans** A). 2-8-18-36 B). 6-216-226-246 C). 5-125-135-145 D). 7-21-31-41

**Correct Answer: C**

---

**Q.54** अभिषेक, जय, कनिका, मीना, रीना, सनी और टीना में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
रीना और सनी के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।
जय और अभिषेक के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है।
सनी और कनिका के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।
मीना की परीक्षा जय से ठीक पहले है।
कनिका की परीक्षा, जय की परीक्षा से पहले किसी भी दिन नहीं है।
दिए गए व्यवस्थापन के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा विकल्प है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

**Ans** A). जय और सनी B). अभिषेक और टीना C). रीना और मीना D). कनिका और रीना

**Correct Answer: D**

---

**Q.55** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : BIQ :: BIQ : %

**Ans** A). # = TAI , % = JTY B). # = TOI , % = JQY C). # = TAI , % = JQY D). # = TAI , % = JQL

**Correct Answer: C**

---

**Q.56** G, K का भाई है। V, B का पति है। K, V की पुत्री है। B, J की बहन है। G का J से क्या संबंध है?

**Ans** A). पति की माता B). भाई की पुत्री C). पुत्री की पुत्री D). बहन का पुत्र

**Correct Answer: D**

---

**Q.57** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 5 % 9 $ 7 Ω 3 & 1 @ 8 * 6 £ 4 # 2 Ω 9 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है, लेकिन ठीक बाद में एक सम संख्या नहीं है?

**Ans** A). दो B). तीन C). एक D). तीन से अधिक

**Correct Answer: C**

**Q.58** रूपाली बिंदु Y से ड्राइव करना प्रारंभ करती है और पूर्व की ओर 7 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है और फिर बाएँ मुड़ती है और 4 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 6 km ड्राइव करती है। अंततः वह दाएँ मुड़ती है और बिंदु E तक पहुंचने के लिए 11 km ड्राइव करती है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

**Ans** A). 11 km, पूर्व की ओर B). 11 km, उत्तर की ओर C). 16 km, उत्तर की ओर D). 20 km, दक्षिण की ओर

**Correct Answer: B**

**Q.59** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

KEG LAM BIN BUG

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans** A). एक B). तीन C). एक भी नहीं D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.60** निम्नलिखित शृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
245 216 187 158 129 ?

**Ans** A). 101 B). 100 C). 111 D). 102

**Correct Answer: B**

**Q.61** एक निश्चित प्रकार से KK 27 का संबंध LH 13 से है। उसी प्रकार, IP 23 का संबंध JM 9 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, HN 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). JK 4 B). IK 2 C). IJ 4 D). JJ 2

**Correct Answer: B**

**Q.62** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

ACT CRY ROW BOX

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

**Ans** A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

**Correct Answer: A**

**Q.63** संख्या 5274381 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans** A). एक B). तीन C). दो D). एक भी नहीं

**Correct Answer: C**

**Q.64** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

PIK BUW NGI ZSU ?

**Ans** A). LEG B). LGT C). LGY D). LOP

**Correct Answer: A**

**Q.65** निम्नांकित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 7 7 & & # 3 3 # 9 1 4 € 4 # # 7 £ $ 4 © 9 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans** A). 3 B). 5 C). 2 D). 4

**Correct Answer: A**

**Q.66** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). UD – SX B). GQ – PX C). AK-JR D). LV-UC

**Correct Answer: A**

**Q.67** यदि संख्या 298576 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

**Ans** A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

**Correct Answer: C**

Q.68 सात डिब्बों I, J, K, Q, R, S और T को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। S और Q के बीच केवल चार डिब्बों को रखा गया है। T को S के ऊपर रखा गया है। I और J के बीच केवल दो डिब्बों को रखा गया है। K को R के ठीक ऊपर रखा गया है। J को K के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। Q के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। ऊपर से चौथे स्थान पर कौन-सा डिब्बा रखा गया है?

Ans A). I B). K C). R D). J

Correct Answer: B

Q.69 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A ≤ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ≠ A ₹ G ≤ E ÷ R' है,, तो P का R से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी की बहन B). पत्नी की माता C). पत्नी की माता की बहन D). पत्नी का पिता

Correct Answer: B

Q.70 मिस्टर क्लो अपनी कक्षा में शीर्ष से 15वें और नीचे से 66वें स्थान पर हैं। उनकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 79 B). 81 C). 80 D). 82

Correct Answer: C

Q.71 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी घोड़े, भालू हैं।
कुछ घोड़े, गधे हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ भालू, गधे हैं।
(II) कुछ गधे, घोड़े हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Correct Answer: C

Q.72 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

5 B 4 D 6 A 2 C 3 =? D 4

Ans A). 24 B). 20 C). 34 D). 30

Correct Answer: A

Q.73 निम्नांकित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) A 4 & P % 7 @ 8 T 6 & K 2 R 5 # 3 E Ω C D (दाएं)

यदि शृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, बाएं से सातवें स्थान पर होगा?

Ans A). & B). 2 C). 8 D). 6

Correct Answer: D

Q.74 यदि शब्द RAINBOW के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). दो B). एक का भी नहीं C). तीन D). एक

Correct Answer: C

Q.75 छह मित्र E, F, G, H, L और M उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। L और M के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। E, M के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E और H के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, F के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). दो B). एक C). तीन D). चार

Correct Answer: B

**Q.76** B, D, E, P, S, T और W एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाईं ओर से गिनने पर E और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।
B के ठीक दाईं और बाईं ओर पड़ोस में क्रमशः कौन बैठा है?

Ans A). E और T B). T और W C). T और D D). E और W

Correct Answer: A

**Q.77** वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). SVX B). NQS C). LOQ D). KMO

Correct Answer: D

**Q.78** एक निश्चित प्रकार से NP 23 का संबंध OL 11 से है। उसी प्रकार, EG 21 का संबंध FC 9 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PK 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A). QG 4 B). QH 6 C). RG 4 D). RH 6

Correct Answer: A

**Q.79** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DIAL' को '3615' के रूप में और 'LEAD' को '5213' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या होगा?

Ans A). 5 B). 6 C). 1 D). 2

Correct Answer: B

**Q.80** यदि शब्द SUBSTANTIAL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के उल्टे क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). एक B). दो C). चार D). तीन

Correct Answer: B

**Q.81** मई 2026 में, किस मंत्रालय ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 (NFHS-6) जारी किया, जिसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और वित्तीय सुरक्षा में सुधारों को उजागर किया गया?

Ans A). महिला एवं बाल विकास मंत्रालय B). शिक्षा मंत्रालय C). स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय D). सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

Correct Answer: C

**Q.82** Between which two countries was Exercise INDRA, 2025, conducted?

Ans A). India and France B). India and Russia C). India and China D). India and the United States

Correct Answer: B

**Q.83** मई 2026 में, आपातकालीन खरीद के तहत भारतीय सेना द्वारा कौन-सी DRDO-समर्थित स्वदेशी प्रणालियों को शामिल किया गया था?

Ans A). निशांत UAV और वरुणास्त्र टारपीडो सिस्टम B). अर्जुन Mk-1A और प्रहार मिसाइल सिस्टम C). आकाश प्राइम और तेजस MK-2 सिस्टम D). ULPGM और AGNIKAA VTOL-1 ड्रोन सिस्टम

Correct Answer: D

**Q.84** निम्नलिखित में से किस प्राधिकरण ने अप्रैल 2025 में भारत में नए पहुंच और लाभ साझाकरण नियम जारी किए?

Ans A). कृषि मंत्रालय B). राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण C). जनजातीय कार्य मंत्रालय D). केंद्रीय पर्यावरण बोर्ड

Correct Answer: B

**Q.85** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा 24 दिसंबर 2025 को श्रीहरिकोटा से LVM3 (बाहुबली) प्रक्षेपण यान का उपयोग करके लॉन्च किए गए संचार सैटेलाइट का मिशन नाम क्या था?

Ans A). डिफेंस कम्युनिकेशन सैटेलाइट (Defence communication satellite) B). ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 (BlueBird Block-2) C). न्यूस्पेस कम्युनिकेशन सीरीज़ (NewSpace communication series) D). मौसमविज्ञान सम्बन्धी सैटेलाइट मिशन (meteorological satellite mission)

Correct Answer: B

**Q.86** बजट 2025 में शुरू किए गए 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' का उद्देश्य क्या है?

Ans A). ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना B). ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार C). आदिवासी क्षेत्रों में शहरी विकास D). आदिवासी अनुसंधान केंद्रों की स्थापना

Correct Answer: B

**Q.87** किस देश के रोकेब्रून-कैप-मार्टिन (Roquebrune-Cap-Martin) में 2026 मोंटे-कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मैच आयोजित किया गया था?

Ans A). फ्रांस B). इटली C). जर्मनी D). स्पेन

Correct Answer: A

**Q.88** **2025 में, भारत के किस बैंक ने 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है?**

**Ans** A). बैंक ऑफ इंडिया B). इंडियन बैंक C). बैंक ऑफ बड़ौदा D). भारतीय स्टेट बैंक **Correct Answer: D**

**Q.89** **PSLV-C61 EOS-09 मिशन, जिसे 18 मई, 2025 को लॉन्च किया गया था, ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का ________ था।**

**Ans** A). 99वां मिशन B). 102वां मिशन C). 100वां मिशन D). 101वां मिशन **Correct Answer: D**

**Q.90** **दोहा में आयोजित ISSF वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में महिलाओं की 25m पिस्टल स्पर्धा में किस शूटर ने स्वर्ण पदक जीता?**

**Ans** A). डोरीन वेनेकैम्प (Doreen Vennekamp) B). मनु भाकर (Manu Bhaker) C). सिमरनप्रीत कौर बरार (Simranpreet Kaur Brar)
D). याओ क़ियानक्सुन (Yao Qianxun) **Correct Answer: C**

**Q.91** **2026 में, पश्चिम बंगाल द्वारा किस स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू किया गया, जिससे वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समझौते के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल होने वाला 36वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया?**

**Ans** A). प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) B). प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) C). आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY)
D). प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) **Correct Answer: C**

**Q.92** **2026 में भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया था?**

**Ans** A). जे. पी. नड्डा B). अमित शाह C). बाबा आमटे D). नितिन नबीन **Correct Answer: D**

**Q.93** **नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2025 में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उनके थ्रो की दूरी कितनी थी?**

**Ans** A). 90.23 m B). 91.06 m C). 89.94 m D). 88.17 m **Correct Answer: A**

**Q.94** **8 मार्च, 2026 को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक थीम क्या थी?**

**Ans** A). एक्सीलेरेटे एक्शन: इक्वल राइट्स फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर (Accelerate Action: Equal Rights for a Sustainable Future)
B). इन्वेस्ट इन वूमेन: एक्सेलरेट प्रोग्रेस (Invest in Women: Accelerate Progress)
C). राइट्स. जस्टिस. एक्शन. फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स (Rights. Justice. Action. For ALL Women and Girls)
D). एम्पावर, इनक्लूड, एडवांस्ड: वूमेन लीडिंग चेंज (Empower, Include, Advance: Women Leading Change) **Correct Answer: C**

**Q.95** **किस सरकारी निकाय ने 2026 के फसल कटाई के मौसम के दौरान गेहूं की पराली जलाने की समस्या को समाप्त करने के लिए समन्वित कार्य योजनाओं के संबंध में वैधानिक निर्देश जारी किए?**

**Ans** A). NCR और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) B). भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI)
C). पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) **Correct Answer: A**

**Q.96** **वर्ष 2026 में गंगटोक, सिक्किम में आयोजित होने वाले संरक्षण कार्यक्रम का केंद्र-बिंदु निम्नलिखित में से कौन-सी बड़ी बिल्ली प्रजाति है?**

**Ans** A). एशियाई शेर B). बंगाल टाइगर C). चीता D). हिम तेंदुआ **Correct Answer: D**

**Q.97** **जनवरी 2026 में किए गए "ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व (Operation Absolute Resolve)" नामक सैन्य ऑपरेशन की रिपोर्टों के अनुसार, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो (Nicolás Maduro) की गिरफ्तारी का कारण बनने वाला ऑपरेशन किस देश ने अंजाम दिया था?**

**Ans** A). यूनाइटेड किंगडम B). रूस C). संयुक्त राज्य अमेरिका D). चीन **Correct Answer: C**

**Q.98** **प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 (inaugural Khelo India Tribal Games 2026) में, किस राज्य ने सर्वाधिक पदक संख्या के साथ विजय प्राप्त की थी?**

**Ans** A). झारखंड B). ओडिशा C). मध्य प्रदेश D). कर्नाटक **Correct Answer: D**

**Q.99** **राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा 20 मई, 2026 से प्रभावी राज्यसभा की याचिका समिति के पुनर्गठन के बाद, किसे इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था?**

**Ans** A). मनोज झा B). डेरेक ओ ब्रायन C). राघव चड्ढा D). संजय सिंह **Correct Answer: C**

Q.100 **14 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस किस थीम (theme) के साथ मनाया गया था?**

Ans A). सुरक्षित गांव, सुरक्षित कार्यालय और आपदा के लिए तैयार समुदाय – जोखिम न्यूनीकरण के लिए एकजुटता

B). स्वस्थ पर्यावरण, सुरक्षित कार्यस्थल और आपातकालीन प्रतिक्रिया समाज – सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एकजुट

C). स्मार्ट शहर, स्मार्ट इमारतें और अग्नि से सुरक्षा के लिए तैयार समाज – सुरक्षा मिशन के लिए एकजुट

D). सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज – अग्नि रोकथाम के लिए एकजुटता

**Correct Answer: D**

"

oliveboard